तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 ओबीसी महासभा ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

10 सेक्टर 1 में सालभर बाद भी नहीं हुआ पानी टंकी ...


छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# अक्ती तिहार पर केवीके में कृषक प्रशिक्षण, जैव उर्वरकों के उपयोग पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

अक्ति तिहार के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) में उर्वरक के वैकल्पिक स्त्रोत विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केवीके प्रक्षेत्र में छत्तीसगढ़ महतारी एवं धरती माता की पारंपरिक पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद बीज बुआई के नेग कार्य संपन्न कर कृषि पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रशिक्षण में किसानों को नील-हरित काई (ब्लू-ग्रीन एल्गी) की उत्पादन तकनीक की प्रायोगिक जानकारी दी गई, जिससे वे कम लागत में जैव उर्वरक तैयार कर सकें। विशेषज्ञों ने बताया कि यह तकनीक किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होने के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य सुधार में भी सहायक है। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने अक्ति तिहार के पारंपरिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए जैव उर्वरकों की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के 100 सर्वाधिक डीएपी उर्वरक उपयोग करने वाले जिलों में छत्तीसगढ़ का बेमेतरा जिला भी शामिल है। इसी को ध्यान में रखते हुए खरीफ 2026 की तैयारी के तहत उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. टी.डी. साहू ने रासायनिक एवं जैविक उर्वरकों के विभिन्न विकल्पों और उनके समन्वित उपयोग पर प्रकाश डालते हुए किसानों को फसल चक्र अपनाने की सलाह दी।

### कम लागत में जैव उर्वरक होगा तैयार



### प्राकृतिक व जैविक खेती पर जोर

डॉ. उमेश ध्रुव ने उर्वरकों के आयात में कमी की स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए किसानों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप भंडारकर ने संतुलित उर्वरक उपयोग एवं समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने मिट्टी परीक्षण, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित विभिन्न ग्रामों से आए 50 से अधिक किसान एवं कृषि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** बाइक में अवैध शराब का परिवहन करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि माईनिंग चौक, ग्राम पोटिया मोड़ मेन रोड अहिवारा में घेराबंदी कर दोनों को बाइक समेत पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम ग्राम गिरहोला निवासी राहुल बंजारे,विजय बंजारे बताया है। युवकों के पास से पुलिस ने 60 पौवा देशी मदिरा शराब 6 हजार रुपये का जब्त किया है। बाइक 25 हजार का जब्त किया है। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### नाबालिग से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंडा पुलिस ने बताया कि ओम प्रकाश साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने अह्म साक्ष्य जब्त किए गए है। दुर्ग पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि विशेष रूप से बच्चों से संबंधित अपराधों की सूचना पुलिस को दें। ऐसे अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक खातों से 3.28 लाख रुपए पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मोबाइल से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि रेल्वे कालोनी 124/बी जोन 1 चरोदा निवासी जी रामू प्रायवेट कंपनी मे काम करता है। 19 अप्रैल को वे अपना मोबाईल को चेक कर रहा था, तभी एक एसएमएस आया उसे क्लिक करते ही खाता से पैसा कट गया। इस पर पीड़ित बैंक पहुंचा तो पता चला कि खाता से कुल 3 लाख 28 हजार 44.16 रुपये पार कर ठगी किया। पीड़ित का कहना है कि उसने मकान बनाने के लिए लोन लिया था।

### बर्थ-डे पार्टी मना रहे युवकों पर बियर की बोतल से किया हमला

**भिलाई।** जन्म दिन की पार्टी मना रहे युवकों पर बियर की बोतल से हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि के पाल चक्रवर्ती ने प्राइवेट आईटीआई का छात्र है। 20 अप्रैल को अपने दोस्तों विशेष सिंह, निलम प्रतीक, के. जोएल के साथ विशेष सिंह का जन्मदिन मनाने सेक्टर-07 मार्केट के पास मैदान में गया था। सभी इकट्ठा होकर जन्मदिन मना रहे थे, तभी डी अजय, एस विजय , ए मयंक भी पहुंच गए। आरोपी युवकों द्वारा गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। डी अजय ने विशेष सिंह को गालियां देते हुए मारपीट किया। तभी के. पाल ने बीच-बचाव करने पहुंचा तो सभी दोस्त वहां से निकलकर भिलाई क्लब जयंती स्टेडियम पहुंच गए। जहां केक काटने लगे। लेकिन कुछ देर बाद तीनों आरोपी भी फिर वहां पहुंच गए। आरोपियों ने पीड़ित को कहा कि अकेले-अकेले बर्थडे मना रहे हो। शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने लगे। जब पीड़ित ने रकम देने से मना किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

## समस्या : हजारों क्विंटल फसल जलकर हो चुकी है खाक, हादसों का खतरा बढ़ा

# जिले में पराली की आग बेकाबू, धुएं से घुट रहा जनजीवन चारों ब्लॉकों में हालात गंभीर, प्रशासनिक दावे फेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



- कागजों में प्रशासनिक सख्ती, जमीन पर निगरानी नदारद

जिले में फसल कटाई के साथ ही पराली जलाने की समस्या भयावह रूप लेने लगी है। जिले के बेमेतरा, साजा, नवागढ़ और बेरला इन चारों ब्लॉकों में खेतों में लगाई जा रही आग और उठते धुएं के गुबार ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शाम होते ही ग्रामीण इलाकों में आसमान धुएं की चादर से ढक जा रहा है, जिससे सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। प्रशासन द्वारा पराली जलाने पर प्रतिबंध और जागरूकता अभियानों के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। किसान खुलेआम खेतों में पराली जला रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि आम लोगों की सेहत पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। नवागढ़ और साजा क्षेत्र में दूर-दूर तक खेतों में आग की लपटें देखी जा रही हैं, वहीं बेरला और बेमेतरा ब्लॉक के प्रमुख मार्गों पर धुएं के कारण दृश्यता कम हो गई है। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। कई जगहों पर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास की खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ गई। अब तक हजारों क्विंटल गेहूं की फसल जलकर नष्ट होने की सूचना है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

कृषि विभाग द्वारा मुनादी, शिविर और जनजागरण अभियान चलाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, लेकिन इन प्रयासों का असर सीमित दिखाई दे रहा है। किसान फसल अवशेष प्रबंधन के लिए संसाधनों की कमी और बढ़ती लागत को इसका मुख्य कारण बता रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, क्योंकि इससे लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। साथ ही इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है, जो बुजुर्गों, बच्चों और सांस के मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। हालांकि शासन ने पराली जलाने पर जुर्माना और योजनाओं से वंचित करने जैसे सख्त प्रावधान लागू किए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी तंत्र कमजोर होने के कारण नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। स्थिति को देखते हुए जरूरत है कि प्रशासन सख्ती के साथ-साथ किसानों को वैकल्पिक और सस्ती तकनीक उपलब्ध कराए, ताकि इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। फिलहाल, पराली की आग जिले में एक बड़े संकट के रूप में उभरती नजर आ रही है।

### चारों ब्लॉकों में आग का तांडव खेत से सड़क तक असर

नवागढ़ और साजा क्षेत्र के खेतों में दूर-दूर तक आग की लपटें साफ दिखाई दे रही हैं। वहीं, बेरला और बेमेतरा ब्लॉक के मुख्य मार्गों पर धुएं का असर इतना ज्यादा है कि दृश्यता प्रभावित हो रही है। इससे सड़क हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कई स्थानों पर आगजनी ने विकराल रूप ले लिया है, जिससे आसपास की खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अब तक हजारों क्विंटल गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### जागरूकता अभियान बेअसर किसान बता रहे मजबूरी

कृषि विभाग और प्रशासन की ओर से पराली न जलाने के लिए मुनादी, शिविर और जनजागरण अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। बावजूद इसके इनका असर जमीनी स्तर पर बेहद सीमित नजर आ रहा है। किसानों का कहना है कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। मशीनों की लागत अधिक होने और वैकल्पिक व्यवस्थाओं की कमी के कारण वे पराली जलाने को मजबूरी बता रहे हैं।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत, प्राइवेट फार्म मालिक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



- खेत में लगी आग बुझाने के दौरान हादसा, पूरे क्षेत्र में मचा हड़कंप

जिले के बेरला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलघट(प) में एक दर्दनाक हादसे में 34 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम सूरजपुरा निवासी डालचंद साहू पिता ललित साहू के रूप में हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, वहीं परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्राइवेट फार्म मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, डालचंद साहू मंगलवार सुबह अपने खेत में फसल अवशेष जला रहा था। इसी दौरान आग फैलने लगी, जिसे काबू करने के लिए उसने अपने छोटे भाई को फोन कर मौके पर बुलाया। जब उसका भाई खेत पहुंचा तो डालचंद वहां नहीं मिला। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका, जिसके बाद बेरला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाम होते-होते खेत से कुछ दूरी पर स्थित सिलघट(प) खार क्षेत्र में डालचंद साहू का शव मिला। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग बुझाने के प्रयास में वह पास स्थित एक प्राइवेट फार्म के सुरक्षा तार और एंगल में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बेरला पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### प्रथम दृष्टया लापरवाही का मामला

पुलिस के अनुसार, प्राइवेट फार्म में सुरक्षा के नाम पर लगाए गए तारों में करंट प्रवाहित किया जा रहा था, जो इस हादसे का मुख्य कारण हो सकता है। परिजनों की शिकायत के आधार पर संबंधित फार्म मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### जांच के बाद होगा खुलासा

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच और तकनीकी रिपोर्ट के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# नवागढ़ चौक में सट्टा-पट्टी का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के नवागढ़ चौक क्षेत्र में सट्टा-पट्टी के अवैध कारोबार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक स्क्रीन टच मोबाइल और नगदी राशि जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा की टीम टाउन पेट्रोलिंग पर थी, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दिलीप साहू नामक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल रिपेयरिंग दुकान में मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा-पट्टी का अवैध संचालन कर रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की। रेड के दौरान आरोपी दिलीप साहू (40 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 02 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बेमेतरा को मोबाइल में सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक स्क्रीन टच मोबाइल (कीमत 20,000 रुपये) और 1,000 रुपये नगद सहित कुल 21,000 रुपये जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर आगे की ▸▸| शेष पेज 12 पर

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांदघाट

खैरा चौक के पास तेज रफ्तार कार के सामने का टायर फटने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित कार ने सामने से आ रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार लोग दूर जा गिरे। गनीमत रही कि सभी की जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से तखतपुर जा रही एमजी हेक्टर कार क्रमांक CG 10 BL 5451 खैरा चौक के पास अचानक सामने का पहिया फटने से अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पीछे की ओर खपरी से स्कूटी क्रमांक CG 22 AH 2809 में सवार दिनेश साहू अपने बच्चों डेविड (5 वर्ष) और दीपिका (3 वर्ष) तथा कोमल वर्मा के साथ टेमरी जा रहे थे। अनियंत्रित कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी करीब 50 फीट दूर जाकर गिर गई। टक्कर के बाद स्कूटी सवार दिनेश साहू और बच्चे अलग-अलग दिशा में गिर गए। हादसे में सभी को चोटें आईं, लेकिन बड़ी जनहानि टल गई।

वहीं कार में सवार गौरव राय को मामूली चोटें आईं, जबकि चालक रुपेश मसीह घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों की तत्परता से समय रहते घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

लापरवाह हितग्राहियों पर कार्रवाई तेज

# प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी पर प्रशासन सख्त, राशि का दुरुपयोग करने वालों से वसूली शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए राशि के दुरुपयोग करने वाले हितग्राहियों के खिलाफ वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी है।

निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करने या स्वीकृत राशि का अन्य कार्यों में उपयोग करने वालों पर अब कानूनी शिकंजा कसना शुरू हो गया है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला द्वारा ऐसे मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। संबंधित हितग्राहियों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने, स्पष्टीकरण देने और शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने का अवसर दिया गया था, लेकिन कई मामलों में न तो निर्माण शुरू हुआ और न ही कार्य पूर्ण किया गया। लगातार लापरवाही के चलते अब प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए वसूली एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। ऐसे में योजना की राशि का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में भी इस तरह के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि योजना का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंच सके।


गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टैलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

खबर संक्षेप

## गौमांस ले जा रहे व्यक्ति को गौसेवकों ने पकड़ा



**नांदघाट।** गौमांस ले जाते व्यक्ति को पकड़कर किया पुलिस के हवाले, जिला गौसेवा समिति के सदस्य विवेक शुक्ला गौसेवक मनीष शुक्ला प्रमोद सेन शत्रुहन बारले जाकीर खान ने टीवीएस एक्सल मोटर साइकिल पर बोरी में भरके गौमांस ले जा रहे। गणेशपुर निवासी बिनेतन मसीह पिता विनोद मसीह 50 वर्ष को पीछा कर पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। बिरेतन मसीह ने कबूल किया कि वह जियो पंप चिचोली के सामने दुर्घटना में मृत गौवंश को काट कर खाने में उपयोग करने की मंशा से घर ले जा रहा था।

## भाजपा सरकार का डबल इंजन फेल : चन्द्राकर

**अंडा।** दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर ने कहा की सरकार बनते ही 100 दिन के भीतर 500 रु. में रसोई गैस प्रदान करने की बात कहने वालों के राज में आज जनता महंगाई व गैस की किल्लत जैसे संकटों का सामना कर रहे हैं। एक तरफ भाजपा की साय सरकार प्रदेश में पर्याप्त एलपीजी की उपलब्धता का दावा कर रही है, वहीं, दूसरी ओर पूरा प्रदेश रसोई गैस के लिए कतारबद्ध हैं। दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेश में गैस की भारी किल्लत शुरू हो गई है। आम आदमी परेशान हो रहा है। गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी कतारें लगी हुई है। उन्होंने कहा कि गैस कंपनियों में सर्वर का बहाना बनाकर बुकिंग लेना बंद कर दिया गया है। जनता की परेशानी से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। सरकार अपनी बचाव के लिए प्रशासन को सामने खड़े कर दिये हैं। प्रशासन की ओर से आए दिन अखबारों में विज्ञप्ति जारी करवाया जा रहा है कि जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य है, जबकि, जमीनी हकीकत इससे अलग है।

## महिला आरक्षण पर सरकार की नियत साफ नहीं : रश्मि

**पाटन।** केंद्र में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक को लेकर भारतीय संसद में हुए घटनाक्रम पर पाटन जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं के नाम पर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने का प्रयास कर रही थी, जिसे विपक्ष के सशक्त विरोध ने विफल कर दिया।वर्मा ने कहा कि संसद में जो घटनाक्रम हुआ, उसने देश के सामने सच्चाई उजागर कर दी है। उनके अनुसार महिला आरक्षण पर मोदी सरकार की नियत साफ नहीं है।

## उपार्जन केंद्र में 20 दिन बाद भी नहीं हुई खरीदी

**पाटन।** विकासखण्ड में दलहन,तिलहन खरीदी के लिए पाटन सोसायटी को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। खरीदी 1 अप्रैल से प्रारंभ भी कर दी गई लेकिन आज 20 दिन बीतने के बावजूद यहां खरीदी नहीं हुई है। इसके चलते पंजीकृत किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की मांग है कि यहां नियमित रूप से खरीदी की जाए। इस संबंध में किसानों एवं कांग्रेस पार्टी ने अनुविभागीय अधिकारी लवकेश ध्रुव को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण करने की गुहार लगाई है। इन लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द निराकरण नहीं हुआ तो किसान एवं कांग्रेस पार्टी उपार्जन केन्द्र स्थल में धरना प्रदर्शन कर शासन प्रशासन के खिलाफ आंदोलन प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि खरीफ फसल में किसानों को खाद एवं बीज अग्रिम देय प्रतिवर्ष होते आ रहा था।

पेज 9 का शेष

## नवागढ़ चौक में ...

कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह यदु, आरक्षक शिव सेन, सौरभ सिंह, कुसुम कोसले सहित सिटी कोतवाली स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

परेशानी

**कोपेडबरी,गातापार,उमरावनगर मे जल स्तर 250 फीट पहुंचा, गर्मी की तपीस से ग्रामीण परेशान**

# तहसील क्षेत्र मे अवैध ईट भट्ठो को बंद करने सरपंच ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र के गातापार, कुरदा, कोपेडबरी, उमरावनगर, टिपनी,भरमपुरी सहित दर्जनो गांव मे सैकडो अवैध ईटभट्ठो का बेखौफ संचालन हो रहा है। जिससे सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है, ईट भट्ठो के तपिस से ग्रामीण परेशान तो है ही साथ इन गांवो का भू-जल स्तर 250 फीट नीचे पहूंच चुका है। जिससे जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। इतना ही नही रेत व कोयले की रायल्टी चोरी कर शासन को लाखो का चूना भी लगाया जा रहा है। परंतु राजस्व, श्रम व खनिज विभाग उदिसीन नजर आ रहे है।

तहसील क्षेत्र मे बढते ईट भट्ठो के कारण ही कृषि का रकबा भी तेजी से घट रहा है, किसान अधिक राशि की लालच मे आकर कृषि भूमि को ईट बनाने रेघ पर देते है। जिससे कृषि भूमि का उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है उक्त भूमि कृषि योग्य नही रह जाता है। खबर तो यहां तक है कि ईट भट्ठो में बाल श्रमिको को कार्य कार्य करते देखा गया। वही पठेरा मजदूर बाहरी प्रदेश से आकर बंधुआ मजदूर जैसे काम कर रहे है। जिला प्रशासन ने जल संकट को देखते हुए जिले में गर्मी फसल नही लगाने की आव्हान करती है तो दूसरी जल संकट पैदा करने वालो कार्यवाही करने पिछे हटती है। उपरोक्त समस्या को लेकर ग्राम पंचायत कोपेडबरी सरपःच हरदत्त साहू ने तहसीलदार, एसडीएम व कलेक्टर को पत्र लिखकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।



गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र मे अवैध ईट भट्ठो की तपित से ग्रामीण खासा परेशान है। मध्यप्रदेश से आए ठेकेदारो ने कृषि भूमि सहित शासकीय भूमि का व्यवसायिक उपयोग कर रहे है। जिससे कृषि भूमि का रकबा साल दर साल घटने जा रहा है। जिस पर राजस्व विभाग का नियंत्रण नही है वही कृषि उपयोग के दिए प्रदेश सरकार द्वारा पांच हार्स पावर तक मुफ्त विद्युत कनेक्शन किसानों को दिया गया है। उसका ईट भट्ठो मे व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। रेत व कोयले की राल्टी चोरी,भट्ठो मे जलाऊ लकडी के उपयोग करने हरेभरे पेडो की अंथाथुन कटाई के साथ कृषि भूमि का खनिज नियमो के विरूद्ध अधिक गहराई तक भूमि खोदाई जैसे नियम विरूद्ध कार्य करने वाले ईट भट्ठो के संचालको के विरूद्ध राजस्व, खनिज,विद्युत व श्रम विभाग को कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है।

### ईट भट्ठो की तपिस से जल स्तर 250 फीट से नीचे पहुंचा

समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी, गातापार, उमरावनगर व कुरदा मे अवैध ईट भट्ठो के प्रभाव से भू-जल स्तर 250 नीचे चला गया ग्राम कोपेडबरी के सभी बोरवेल सूखने के कगार मे है। गर्मी के शुरूआती दौर मे ही पेयजल संकट से ग्रामीणो को गुजरना पड रहा तो भीषण गर्मी के समय पेयजल व निस्तारी संकट से बचा नही जा सकता है। ग्रामीण ईट भट्ठो की तपिस को अब सहन नही कर पा रहे है रात मे तपिस हलाकान है वही कृषि उपयोग के लिए पर्याप्त पानी किसानो को नही मिल पा रहा है।

### ईट भट्ठो मे बंधुआ मजदूर जैसे काम करते है पठेरा मजदूर

थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे संचालित होने वाले सैकडो ईट भट्ठो मे मध्यप्रदेश के मजदूर बहूतायत मे परिवार सहित काम कर रहे है जिसमे बाल मजदूर भी शामिल है, ईटारसी,दमोह, सागर, पिपरिया, अवरैया,भिंड, सतना,रीवा व मुरैना जैसे क्षेत्र के मजदूर बंधुवा मजदूर जैसे काम कर रहे है जिसे उनकी भाषा में पठेरा मजदूर कहा जाता है। उक्त मजदूरो का ईट भट्ठा संचालक श्रम नियमो का उल्लंघन कर मजदूरो का शोषण कर रहे है। जिसकी सक्षम जांच कार्रवाई की आवश्यकता है। ईट भट्ठो में परिवार सहित रहकर बच्चो से लेकर बुजुर्ग तक इन कामो मे रात दिन लगे रहते है वही मजदूरो को उचित मजदूरी दर भी नही दी जाती है। यहा राजस्व,खनिज व विद्युत विभाग की संयुक्त कार्यवाही की आवश्यकता है।

### कार्रवाई की मांग

थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोबेडबरी मे अवैध ईट भट्ठो के संचालन से ग्रामीणों के सामान्य जन जीवन प्रभावित हो रहा है। भू-जल स्तर घटने से जल संकट गहराता जा रहा है। वही कृषि कार्य हेतु किसानों को पर्याप्त पानी नही मिल पा रहा है। उपरोक्त कारणो से मैंने तहसीलदार, एसडीएम व कलेक्टर को पत्र लिखकर अवैध ईट भट्ठो के संचालन को प्रभाव से बंद कर सक्षम कार्रवाई करने की मांग रखी है।

- **हरदत्त साहू,** सरपंच ग्राम पंचायत कोपेडबरी

## ओबीसी महासभा ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बेमेतरा।** ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर जिले के पदाधिकारियों द्वारा तीन अलग-अलग मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, राज्यपाल छत्तीसगढ़ एवं मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत को सौंपा गया। ज्ञापन क्रमांक 1 में लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। वहीं ज्ञापन क्रमांक 2 में राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रपत्र के कॉलम नंबर 13 में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कोड निर्धारित करने की मांग रखी गई, ताकि वास्तविक आंकड़ों के आधार पर योजनाएं बनाई जा सकें। ज्ञापन क्रमांक 3 में केंद्र एवं सभी राज्यों में ओबीसी वर्ग के आरक्षित बैकलॉग पदों को तत्काल भरने तथा लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण के अंतर्गत ओबीसी महिलाओं को 27 प्रतिशत पृथक आरक्षण देने की मांग की गई। इस दौरान पंचम साहू, नानक राम साहू, रामसहाय वर्मा, हितेंद्र सिन्हा, हरदेव साहू, विक्रम देवांगन, शंकर साहू, महेंद्र यादव, दीपक साहू, खेमन साहू, हनी कश्यप, आर. के. वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खाद-बीज के नाम पर छोटे व्यापारियों को परेशान करना बंद करे प्रशासनः छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जिले में उर्वरक और उन्नत बीजों की कमी को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए छोटे और मझोले कृषि व्यापारियों को निशाना बना रही है।

छाबड़ा ने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान में खरीफ सीजन के दौरान मांग के मुकाबले पर्याप्त भंडारण नहीं है। इसके बावजूद प्रशासन छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई कर रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने सुझाव दिया कि पहले सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का



वितरण सुनिश्चित किया जाए, उसके बाद ही निजी विक्रेताओं को आपूर्ति दी जाए। उर्वरक वितरण की पूरी जिम्मेदारी सरकार के हाथ में होने के बावजूद मुद्दे को भटकाया जा रहा है। छाबड़ा ने आरोप लगाया कि बड़ी कंपनियां उर्वरकों के साथ जबरन अन्य उत्पादों की टैगिंग कर रही हैं, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वहीं, बड़े स्तर पर हो रही गड़बड़ियों पर कार्रवाई के बजाय छोटे व्यापारियों को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उचित दाम पर खाद-बीज उपलब्ध कराना सरकार का कर्तव्य है और इससे पीछे नहीं हट सकती। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर सरकार की नीतियों का विरोध करेगी और किसानों के हक के लिए संघर्ष जारी रखेगी। छाबड़ा ने यह भी कहा कि यदि सरकार वास्तव में किसानों के हित में काम करना चाहती है, तो उर्वरक कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाए और सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान नीतियों के कारण किसानों को खाद वितरण से लेकर धान खरीदी तक लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी किसानों के अधिकारों के लिए सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी और सरकार को उचित खाद-बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मजबूर करेगी।

## टीकाकरण सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम समय पर पूरा करने निर्देश

**भिलाई।** दुर्ग जिले के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने चरोदा भिलाई-3 के स्वास्थ्य अमले की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की गहन समीक्षा की। इस दौरान वर्ष 2026-27 मे लक्ष्यों के अनुरूप गुणवत्ता ओर मानक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं जन मानस तक उपलब्ध कराने निर्देश दिए गए। इस दौरान मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम,शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिजिल्स रूबैला उन्मूलन अभियान, भारत मुक्त टी बी अभियान 2.0 , राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान, राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम संस्था गत प्रसव ओर शिशु दर कम करने और माता मृत्यु दर में कमी लाने पर चर्चा की गई। इन राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर जानकारी दी गई कि चरोदा भिलाई 3 अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व स्वास्थ्य संयोजक एवं एएनएम और एम पी डब्लू डाटा हेल्डर जे एस ए के साथ उनके संस्थानों में प्राप्त लक्ष्य अनुसार किया गया।

# संकुल केंद्र नरी में प्रधान पाठकों की बैठक, महत्वपूर्ण निर्देश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संकुल केंद्र नरी अंतर्गत विद्यालयों के प्रधान पाठकों की आवश्यक बैठक शासकीय हाई स्कूल नरी में आयोजित की गई।

संकुल प्राचार्य सुनील कुमार झा ने विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक एजेंडे पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने, एएम.बी.यू. एवं छात्रवृत्ति से संबंधित सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने पर विशेष जोर दिया गया।

साथ ही 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित करने, सुशासन तिहार के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा विद्यालयों में अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कर्मयोगी पोर्टल में शिक्षकों का पंजीयन कर निर्धारित पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने, सेवा पुस्तिका सत्यापन हेतु आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा नए शैक्षणिक सत्र से पूर्व विद्यालय भवन की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संकुल समन्वयक पुरन साहू सहित संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के संस्था प्रमुख एवं हाई स्कूल के व्याख्याता उपस्थित रहे।

## किसानों ने गांव के ठाकुर देव में पलास के पत्तों का दोना बनाकर धान को किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

ग्राम आलबरस में सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख सहित ग्रामीणों ने मिलकर गांव के विराजित देवी देवताओं को संरक्षित करने बेहतर पहल करते चौड़ी बनाकर विराजित किया है।

- गांव के विराजित देवी देवताओं को संरक्षित करने बेहतर पहल

वहीं सोमवार को पूरे गांव में अक्ती तिहार यानी अक्षय तृतीया पर्व पर सेवा धुन बाजे गाजे पर नीम छांव में विराजित ग्राम के ठाकुर देव में घोड़ा विराजित कर पूजा अर्चना की गई। परम्परा अनुसार सभी किसानो ने भी गांव के ठाकुर देव में परसा (पलास) के पत्तों का दोना बनाकर धान को ठाकुर देव को अर्पित किया।

साथ ही अच्छी फसल की कामना करते हुए पांच कुंवारे बच्चों को बैल व किसान बनकर हल चलाया। ग्राम बैगा नंदू ठाकुर ने बताया पूर्वजों से परंपरा व संस्कृति को विधिवत निभाते कि अच्छी फसल के लिए सभी किसान ग्राम के शीतला माई और ठाकुर देव में धान के बीज का छिड़काव किया और पूजा के बाद उसी धान को किसानों को बांटा, जिसे खेतों में छिड़का गया। गौरतलब है कि अक्षय तृतीया से किसानी का काम शुरू हो जाता है, सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख सहित के ग्रामीणों ने पखरा देवता को उठाया। तांदुला के छोर पर बसे आलबरस में गांव में लगभग 1400एकड़ में खेती किसानी करते है। सभी ने मिलकर गांव में अच्छी फसल, सुख समृद्धि,एकता की कामना कर धान को लेकर जाकर खेतों में सींचा वही प्रसाद ग्रहण किया। वही बच्चो ने गांव में पुतला पुतली का विवाह कर बाल विवाह दहेज प्रथा रोकने संदेश दिया।

# भींभौरी में महिला मोर्चा को मिला नया नेतृत्व, रेखा पोषण सिन्हा बनीं मंडल अध्यक्ष

**कार्यकर्ताओं में उत्साह, संगठन को और मजबूत करने की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

भाजपा महिला मोर्चा के संगठनात्मक विस्तार के तहत भींभौरी मंडल में नए नेतृत्व की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी की अनुशंसा एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से क्षेत्र की सक्रिय कार्यकर्ता एवं वर्तमान जनपद सदस्य रेखा पोषण सिन्हा को भाजपा महिला मोर्चा भींभौरी मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जाता है कि रेखा पोषण सिन्हा लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। उनके परिवार की भी क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में मजबूत भागीदारी रही है, जिसका लाभ



संगठन को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन ने उनके अनुभव, सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रेखा पोषण सिन्हा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और महिला मोर्चा की प्रत्येक कार्यकर्ता को नारी शक्ति के महत्व को समझते हुए संगठन को मजबूत करना होगा।

उन्होंने आगे कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखा, जबकि भाजपा ने उन्हें नेतृत्व और निर्णय की मुख्यधारा में स्थान दिया है। आने वाले समय में महिला मोर्चा द्वारा पदयात्रा, जनसंपर्क अभियान, घर-घर संवाद और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे संगठन की जमीनी पकड़ और मजबूत होगी।

## नवागढ़ जनपद पंचायत में विधायक प्रतिनिधि बने तोप सिंह वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल द्वारा तोप सिंह वर्मा को जनपद पंचायत नवागढ़ में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने कहा कि तोप सिंह वर्मा के विधायक प्रतिनिधि बनने से क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्मा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति अंजु बघेल, जिला संयोजक भाजपा आरटीआई सेल दिनेश सोनी, विवेक शुक्ला, मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, महामंत्री राजकुमार यादव, निरंजन चेलक, संतोष साहू, मदन वर्मा, धनंजय सिंह राजपूत सहित क्षेत्र के कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जिला पंचायत की कोशिश रंग लाई**

# रुकी राशि होगी जारी, हजारों हितग्राहियों को राहतः कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवगठित नगर पंचायत क्षेत्रों भिंभोरी, कुसमी एवं दाढ़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित पड़ी आवास राशि अब जल्द जारी होने की उम्मीद है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के सतत प्रयासों के बाद इस दिशा में सकारात्मक पहल हुई है, जिससे हजारों हितग्राहियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।



नगर पंचायत घोषित होने के बाद इन क्षेत्रों के ग्रामीण आवास प्रकरण शहरी विभाग में स्थानांतरित हो गए थे, जिसके चलते बड़ी संख्या में लाभार्थियों की स्वीकृत राशि लंबे समय से अटकी हुई थी। परिणामस्वरूप कई परिवारों के मकान निर्माण कार्य अधूरे रह गए थे और उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कल्पना योगेश तिवारी ने लगातार पहल की। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया तथा संबंधित अधिकारियों से त्वरित समाधान की मांग की। साथ ही विभागीय स्तर पर निरंतर संवाद स्थापित कर मामले को प्राथमिकता दिलाई। इन प्रयासों का असर अब दिखने लगा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की लंबित राशि शीघ्र जारी की जाए, ताकि निर्माण कार्य बिना बाधा पूरा हो सके।



इस संबंध में कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उनका लाभ समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान है। उनके इस प्रयास से अब नगर पंचायत के हजारों परिवारों का पक्का घर बनाने का सपना जल्द साकार होने की उम्मीद है।

